# AJ-1092

## B.A. (Part–III) Term End Examination, 2021-22

### HINDI LITERATURE (Paper-II)

**Time : 3 hours]** **[Maximum Marks : 75**

**नोट**– सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

**1.** हिन्दी की उत्पत्ति बताते हुए विभिन्न कालों की विशेषताएँ लिखिए। **11**

**अथवा**

पश्चिमी हिन्दी की प्रमुख बोलियों का परिचय दीजिए।

**2.** हिन्दी के विविध रूपों में कम से कम 6 रूपों का सामान्य परिचय दीजिए। **11**

**अथवा**

तत्सम, तद्भव, देशज एवं आगत शब्दों की कम से कम दस-दस शब्दों की सूची बनाइए।

**3.** हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल विभाजन करते हुए भक्तिकाल का मूल्यांकन कीजिए। **11**

**अथवा**

छायावाद की विशेषताएँ एवं प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए।

**4.** रस किसे कहते हैं? स्थायी भावों को लिखिए एवं कम से कम दो रसों का उदाहरण दीजिए। **11**

**अथवा**

माजिक छंद किसे कहते हैं? कोई तीन माजिक छंदों को उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए :– **4×4**

(अ) काव्य का अर्थ एवं परिभाषा

(ब) मध्यकालीन आर्य भाषा

(स) अपभ्रंश साहित्य

(द) रामभक्ति शाखा

(य) प्रगतिवाद की विशेषताएँ

**6.** निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं **पन्द्रह** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **15×1**

(1) अपभ्रंश के प्रथम कवि का नाम लिखिए।

(2) ग्रियर्सन ने पूर्वी हिन्दी को कितने भागों में बाँटा है?

(3) ज्ञानमार्गी शाखा के प्रतिनिधि कवि का नाम लिखिए।

(4) प्राचीन भारतीय आर्यभाषा का समय कब से कब तक है?

(5) पुनर्जागरण काल किस काल को कहा जाता है?

(6) केशव रीति सिद्ध कवि थे या रीतिबद्ध सही लिखें।

(7) बिहारी की प्रसिद्ध रचना का नाम लिखिए।

(8) सुजान कौन थी?

(9) 'रसात्मकं वाक्यं काव्यं' किसका कथन है?

(10) गोदान किसकी रचना है?

(11) छायावाद के जनक किसे कहा जाता है?

(12) 'राम की शक्ति पूजा' किसकी रचना है?

(13) तुलसी की भक्ति किस भाव की थी?

(14) प्रयोगवाद के जनक कौन थे?

(15) प्रगतिवादी दो कवियों के नाम लिखिए।

(16) 'हंस' पत्रिका के संपादक कौन थे?

(17) 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक कौन थे?